दिनांकः 21.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- पुलिस शहीद दिवस आज–देश–प्रदेश में शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में विभिन्न आयोजन।
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का आज अंतिम दिन।
- दीपोत्सव की श्रृंखला में आज कई स्थानों पर गोवर्धन और अन्नकूट के आयोजन–कुछ जगह ये पर्व कल मनाया जाएगा।
- चंबल नदी के जल बंटवारे को लेकर राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच 28 अक्टूबर को महत्वपूर्ण बैठक।

000

आज पुलिस शहीद दिवस है। 21 अक्टूबर को हर साल ये दिन मनाया जाता है। इस दिन 1959 में लद्दाख में चीनी सैनिकों के हमले में पुलिस के दस जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इन शहीदों की याद में इसे पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर आयोजित समारोह में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।
इधर, प्रदेश में भी पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने भी इसमें शिरकत कर शहीद पुलिसकर्मियों के योगदान को याद किया।

..............

विभिन्न जिलों में भी पुलिस बल द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस आयोजन में 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही शहीदों के परिजन का सम्मान और अन्य गतिविधियां होंगी। इनमें रक्तदान शिविर और पौधरोपण कार्यक्रम प्रमुख हैं।

000

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर अगले महीने होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का आज अंतिम दिन है। अब तक 12 प्रत्याशियों की ओर से 17 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न उम्मीदवार लोगों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देकर जनसम्पर्क भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन ने कल मांगरोल में प्रमुख बाजारों का दौरा कर मतदाताओं से सम्पर्क किया। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार और निर्दलीय नरेश मीणा भी मतदाताओं को साधने में जुट गये हैं।

000

देश में नये आपराधिक कानूनों के लागू होने का एक वर्ष पूरा होने पर जयपुर में प्रदर्शनी लगाई गई है। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में नव विधान–न्याय की नई पहचान थीम पर 13 अक्टूबर से शुरू हुई इस प्रदर्शनी का आज अंतिम दिन है। राजस्थान पुलिस की ओर से लगाई गई इस हाईटैक प्रदर्शनी को बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, परिवार सहित देख रहे हैं। इससे नये आपराधिक कानूनों को समझने और पुलिस की कार्यशैली को करीब से जानने का मौका मिल रहा है। प्रदर्शनी स्थल को थीम आधारित विभिन्न जोन में बांटा गया है, जहां आगन्तुकों को तकनीक आधारित वर्चुअल अनुभव रोमांचित कर रहा है। प्रदर्शनी के माध्यम से ये संदेश दिया जा रहा है कि नये कानून नागरिक और पीड़ित केन्द्रित हैं। ये सिर्फ दंड नहीं बल्कि न्याय, संवेदना और सुरक्षा की नई सोच लेकर आए हैं।

000

हिंदी फिल्म प्रसिद्ध अभिनेता असरानी का लम्बी बीमारी के बाद कल मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका पूरा नाम गोवर्धन असरानी था और वे असरानी के नाम से लोकप्रिय थे। असरानी ने शोले, चुपके–चुपके, भूल भुलैया, धमाल तथा बंटी और बबली जैसी सुपरहिट फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाया। असरानी मूल रूप से जयपुर के रहने वाले थे। उन्होंने पांच दशकों से अधिक के सिनेमा करियर में हास्य कलाकार के रूप में अपनी खास पहचान बनाई।
असरानी ने साढे तीन सौ से अधिक फिल्मों में काम किया। हिंदी के अलावा उन्होंने गुजराती सिनेमा में भी योगदान दिया। निर्देशन के क्षेत्र में भी उनकी अदाकारी और जीवंत डॉयलॉग डिलीवरी हमेशा याद की जाएगी।

000

बारां जिले के सनवाड़ा गांव की सहरिया बस्ती में बदलाव की नई कहानी लिखी गई है। ये पहला अवसर है, जब यहां के घरों में दीपोत्सव, बिजली की रोशनी के बीच मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट में इस सकारात्मक बदलाव का जिक्र करते हुए पीएम जनमन योजना को इसका श्रेय दिया है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता कालूलाल मीणा ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगाकर बस्ती के सभी परिवारों को बिजली उपलब्ध कराई गई। जिला कलेक्टर रोहिताश्व तोमर ने बताया कि बिजली से अपने घरों को रोशन होता देख लोग काफी खुश हैं।

..............

000

प्रदेशभर में रोशनी का पर्व दीपावली पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। घरों, दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी पूजा कर सुख समृद्धि की कामना की गई। धार्मिक स्थलों पर भी दीपावली पर दर्शनार्थियों की कतारें लगी रहीं। वहीं लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ बाजारों की आकर्षक सजावट को निहारा तथा एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर दिवाली की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही रामा–श्यामा और स्नेह मिलन का सिलसिला शुरू हो गया। सवाईमाधोपुर में देर रात तक बाजारों में भीड़ रही। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर व्यापक रूप से आतिशबाजी भी की गई।

................

दीपोत्सव की श्रृंखला में कई स्थानों पर आज गोवर्धन पूजा की जा रही है। वहीं कुछ जगह ये पर्व कल मनाया जाएगा। राजधानी जयपुर के गोविंद देवजी मंदिर में कल अन्नकूट महोत्सव रखा गया है। राजसमंद जिले के नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में आज अन्नकूट उत्सव की धूम है। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थानीय नागरिकों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाथद्वारा पहुंचे हैं।

...............

000

चंबल नदी के जल बंटवारे को लेकर राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच 28 अक्टूबर को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में दोनों राज्यों के अधिकारी शामिल होंगे और चंबल के चारों प्रमुख बांधों में उपलब्ध पानी का आकलन किया जाएगा। इसी के आधार पर यह तय होगा कि रबी सीजन के दौरान किस राज्य को कितना पानी मिलेगा। अंतरराज्यीय तकनीकी कमेटी के सचिव सत्येंद्र पारीक ने बताया कि जल बंटवारे के साथ ही नहरों के रखरखाव और मरम्मत को लेकर भी निर्णय लिया जाएगा। बैठक से पहले ही मध्यप्रदेश सरकार ने राजस्थान को पत्र लिखकर रबी सीजन के लिए पानी छोड़ने पर सहमति जता दी है। फिलहाल मध्यप्रदेश की ओर से 3 हजार 900 क्यूसेक पानी का प्रवाह किया जा रहा है। इससे राजस्थान की लगभग ढाई लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होती है, जबकि मध्यप्रदेश में भी इतनी ही भूमि को पानी मिलता है।

000